## प्रश्न पत्र - कक्षा -आठवीं 2023-24

## विषय : हिंदी (द्वितीय भाषा)

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक (लिखित 80 अंक + आंतरिक मूल्यांकन 20 अंक) = 100**

**भाग - क** **बहुवैकल्पिक उत्तरों वाले प्रश्न** **(15)**

**प्रश्न- 1. (I) व्याकरण आधारित निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें-**

(i) निम्नलिखित में से कौन सा शब्द 'लहर' का पर्यायवाची शब्द है?

(क) तरंग (ख) पतंग (ग) तमस् (घ) जलधि

(ii) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखो -

(क) राखियाँ (ख) राखीयाँ (ग) राखियां (घ) राखिआँ

(iii) निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द चुनकर लिखिए-

(क) पुरस्कार (ख) पूरस्कार (ग) पुरसकार (घ) पुरशकार

(iv) दिए गए वाक्य में से भाववाचक संज्ञा शब्द चुनकर लिखिए- 'शरीर को पूर्णता अंगों के सहयोग से मिलती है।'

(क) शरीर (ख) पूर्णता (ग) अंगों (घ) मिलती

(v) 'हम लाल किला देखने जाएँगे।' वाक्य में से सर्वनाम शब्द चुनिए-

(क) हम (ख) लाल किला (ग) देखने (घ) जाएँगे

(vi) 'आज हम सभी <u>मेट्रो रेल के द्वारा</u> जाएँगे।' वाक्य में रेखांकित पद में सही कारक की पहचान करें-

(क) अधिकरण कारक (ख) संप्रदान कारक (ग) कर्ता कारक (घ) करण कारक

(vii) निम्नलिखित में से सही विशेषण शब्द की पहचान करें -

(क) अनिल शर्मा (ख) प्रसिद्ध (ग) प्रशिक्षण (घ) दिखाया

(viii) 'ये लोग क्यों धीरे-धीरे चल रहे हैं?' वाक्य में से सही क्रिया शब्द की पहचान करके लिखिए-

(क) ये (ख) लोग (ग) धीरे-धीरे (घ) चल रहे हैं 8x1=8

**प्रश्न- 1. (II) कविता भाग पर आधारित निम्नलिखित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:-**

(i) लता कहाँ पर फूली नहीं समाती?

(क) वन में (ख) तड़ित में (ग) घटा में (घ) गगन में

(ii) 'नवयुवकों के प्रति' कविता किन्हें संबोधित की गई है?

(क) नवयुवकों को (ख) बच्चों को (ग) बूढ़ों को (घ) अध्यापकों को

(iii) हर विपदा को हराने पर माँ को क्या कहा गया है?

(क) हिमालय (ख) बाती (ग) ईश्वर (घ) गोरैया

(iv) कवि के अनुसार प्रायः दोस्त कैसे होते हैं?

(क) स्वार्थी (ख) अच्छे (ग) साहसी (घ) संयमी 4x1=4

https://hindipunjab.com/8th-class-pseb-hindi-sample-papers

**प्रश्न- 1. (III) निम्नलिखित कठिन शब्द आधारित बहुवैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर दें:-**

(i) निम्नलिखित में से 'हिम्मत' शब्द का सही अर्थ चुनें।

(क) हौसला (ख) सागर (ग) नाव (घ) अपंग

(ii) निम्नलिखित में से 'हिंडोला' शब्द का सही अर्थ चुनें।

क) झूला ख) अकेला (ग) कपोतराज (घ) मेधावी

(iii) निम्नलिखित में से 'चुनौती' शब्द का सही अर्थ चुनें।

(क) ललकार (ख) सलाह (ग) प्रतिष्ठित (घ) विरोध 3x1=3

**(15)**

**प्रश्न - 1. (IV) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें -**

मैं हूँ बहन किंतु भाई नहीं है,
राखी सजी, पर कलाई नहीं है।
है भादों, घटा किंतु छाई नहीं है।
नहीं है खुशी, पर रुलाई नहीं है।।

प्रश्न (i) क्या बहन ने राखी सजा रखी है ? (हाँ / नहीं)

(ii) क्या राखी के त्योहार पर बहन खुश है ? (हाँ / नहीं)

(iii) भादों में ............. नहीं छाई है। (रिक्त स्थान भरें)

(iv) 'घटा' शब्द का सही अर्थ से मिलान कीजिए:

| | | |
|---|---|---|
| घटा | - | बादल |
| | - | भादों |
| | - | खुशी |

(v) क्या पद्यांश का केन्द्रीय भाव राखी का महत्त्व है। (हाँ / नहीं) 5x1=5

**प्रश्न - 1. (V) निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।**

(i) 'ऊँट' शब्द का लिंग बदलें।

(ii) 'आलोचना' शब्द का बहुवचन रूप लिखें।

(iii) 'वरदान' शब्द का विपरीत शब्द 'ताकतवर' होगा। (हाँ/ नहीं)

(iv) 'आवश्यक' शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द 'आवश्यकता' होगा । (हाँ /नहीं)

(v) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द का सही मिलान करें

| | |
|---|---|
| सूर्य का उदय होना - | सूर्योदय |
| | दिनकर |
| | सायंकाल |

5x1=5

**प्रश्न - 1. (VI) निर्देशानुसार निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें।**

(i) रिक्त स्थान में उपयुक्त मध्यम पुरुष का प्रयोग कीजिए:

..............पता चल जायेगा। (तुम्हे/ मैं)

(ii) रिक्त स्थान में उचित सम्बन्धबोधक शब्द भरें -

हामिद तो मोटर .................. आते-आते बचा। (के नीचे, के बाद)

(iii) रिक्त स्थान में उचित योजक शब्द भरें -

हमने वहाँ बोटिंग की ...................... डायनासोर देखे। (या, और)

(iv) रिक्त स्थान में उचित विस्मयादिबोधक शब्द भरें -

................. ! तुम पढ़ोगे नहीं? (वाह, अरे)

(v) 'दर्शक' शब्द में आधे 'र्' (रेफ) का प्रयोग हुआ है । (सही / गलत) 5x1=5

## भाग - ख पाठ्य पुस्तक आधारित प्रश्न (20)

**प्रश्न - 2. निम्नलिखित में से किन्हीं 8 प्रश्नों के उत्तर लगभग एक- दो पंक्तियों में लिखें:**

(i) महापद्म नंद के दरबार में किस देश के दूत आए थे? 'पिंजरे का शेर' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(ii) लिफ़्ट का प्रयोग किन लोगों के लिए किया जाता है? 'मैट्रो रेल का सुहाना सफर' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(iii) चिड़िया के कितने बच्चे थे? 'शायद यही जीवन है' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(iv) नीलू का पूरा नाम क्या था? 'नील गगन का नीलू' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(v) मनीष क्या बेचकर अपना जीवन बसर कर रहा था? 'प्रेरणा' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(vi) सूरदास ने किसकी आराधना में काव्य रचना की? 'मन के जीते जीत' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(vii) सहयोग का क्या अर्थ है? 'सहयोग' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(viii) बी. एस. एफ. के जवान कौन-कौन से नारे लगाते हैं ? 'वाघा बार्डर' पाठ के आधार पर उत्तर दें।


https://hindipunjab.com/8th-class-pseb-hindi-sample-papers

(ix) धरती का तापमान किस गैस के कारण बढ़ रहा है? 'मेरा दम घुटता है' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(x) कल्पना चावला का विवाह कब हुआ? 'अन्तरिक्ष-परी कल्पना चावला' पाठ के आधार पर उत्तर दें। 8x1=8

**प्रश्न - 3. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच पंक्तियों में दें-**

(i) पिंजरे के शेर के चारों ओर आग लगती देख सभा में सन्नाटा क्यों छा गया? 'पिंजरे का शेर' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(ii) लेखिका ने बच्चों को पढ़ाई का क्या महत्व समझाया? 'प्रेरणा' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(iii) हामिद का चिमटा रुस्तमे हिन्द कैसे है? 'ईदगाह' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(iv) ऑक्सीजन गैस को जीवन का मूल आधार क्यों कहा जाता है? 'मेरा दम घुटता है' पाठ के आधार पर उत्तर दें।

(v) विधानसभा में बम विस्फोट का क्या परिणाम निकला? 'सरफ़रोशी की तमन्ना' पाठ के आधार पर उत्तर दें। 3x4=12

https://hindipunjab.com/8th-class-pseb-hindi-sample-papers

**भाग - ग** **अनुवाद** **(5)**

**प्रश्न-4 (i) निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पंजाबी शब्दों का हिंदी में अनुवाद करें।**

ਮੁਤਰ, ਕਦਮ, ਖੋਗ, ਬਿਜਲੀ 3x1=3

**(ii) निम्नलिखित में से किसी एक पंजाबी वाक्य का हिंदी में अनुवाद करें।** 1x2=2

(क) ਉਸਦਾ ਚਿਮਟਾ ਰੁਸਤਮੇ-ਹਿੰਦ ਹੈ।

(ख) ਅੱਜ ਵੀ ਉਹ ਸਾਰਿਆਂ ਦੇ ਦਿਲਾਂ ਤੇ ਰਾਜ ਕਰਦੀ ਹੈ।

**भाग- घ** **अपठित गद्यांश** **5x1=5**

**प्रश्न 5. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए: जीवन में श्रम का विशेष महत्व है। बिना** परिश्रम किये कुछ भी प्राप्त नहीं हो सकता। कार्य की सफलता के लिए हमें निरंतर परिश्रम करना पड़ता है। वेद में एक मंत्र आता है कि जो मनुष्य बैठा रहता है उसका भाग्य भी बैठ जाता है जो व्यक्ति जीवन में मेहनत करते हैं ईश्वर भी उन्हीं की मदद करता है। इसलिए जीवन में चलते रहो क्योंकि चलते रहना ही जीवन है जो ठहर गया, उसे तो पत्थर ही कहना चाहिए।

(1) जीवन में श्रम का क्या महत्व है?

(ii) किन पुरुषों का भाग्य काम नहीं करता?

(iii) ईश्वर किन लोगों की सहायता करता है?

(iv) जीवन किसका नाम है?

(v) गद्यांश का उचित शीर्षक बतायें।

**भाग - ङ** **मुहावरे एवं लोकोक्तियाँ** **(5)**

**प्रश्न-6. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन मुहावरे/लोकोक्तियों का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग करें कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए-**

दम घुटना, दिन दूनी रात चौगुनी उन्नति करना, धावा बोलना, काला अक्षर भैंस बराबर, आँखों का तारा, 3X2=6

**भाग - च** **रचनात्मक लेखन** **(15)**

**प्रश्न-7. निम्नलिखित में से कोई एक पत्र अथवा प्रार्थना पत्र लिखें-**

स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र लेने के लिए स्कूल के मुख्याध्यापक को प्रार्थना पत्र लिखें।

अथवा

अपने चाचा जी को एक पत्र लिखिए जिसमें जन्मदिवस पर भेजे गए उपहार के लिए धन्यवाद प्रकट किया गया हो। 7

**प्रश्न-8. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों का निबंध लिखें:**

1. **प्रदूषण की समस्या-** प्रदूषण का अर्थ , प्रदूषण के प्रकार एवं समाधान , प्रदूषण दूर करने के उपाय
2. **शहीद सरदार भगत सिंह-** जन्म, परिवार, पढ़ाई, क्रांतिकारियों से संपर्क, नौजवान भारत सभा का गठन, सांडर्स की हत्या, फाँसी ।
3. **मेरा पंजाब-** हम राज्य, अनाज का भंडार, पाँच नदियाँ, स्थापना, राजधानी, ज़िलों की संख्या, भाषा, गुरु, देशभक्त, मेले और त्योहार, लोक-नृत्य। 8